संख्या–cm-525
**20/10/2021**

# महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द का आज पटना पहुॅचने पर भव्य स्वागत किया गया

पटना, 20 अक्टूबर 2021 :– भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द के भारतीय वायुसेना के विमान से पटना हवाई अड्डा आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। राज्यपाल श्री फागू चौहान, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा ने महामहिम राष्ट्रपति का अभिवादन कर स्वागत किया।

उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, उपाध्यक्ष बिहार विधानसभा श्री महेश्वर हजारी, नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, कृषि मंत्री श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डे, उद्योग मंत्री श्री शाहनवाज हुसैन, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री रामप्रीत पासवान, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री नीरज कुमार सिंह, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री सुनील कुमार, श्रम संसाधान मंत्री श्री जिवेश कुमार, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री आलोक रंजन, पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी महामहिम राष्ट्रपति का स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, अपर मुख्य सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय श्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार एवं आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री संजय कुमार अग्रवाल ने भी राष्ट्रपति का स्वागत किया।

******